Daily Current Affairs 16 July 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 15 जुलाई को मनाया गया विश्व युवा कौशल दिवस
• प्रतिवर्ष 15 जुलाई को दुनिया भर में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जाता है। 18 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से श्रीलंका के नेतृत्व में एक प्रस्ताव अपनाया और 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया।

2 उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए 'जागृति' शुभंकर को किया लॉन्च
• उपभोक्ता मामलों के विभाग ने उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक शुभंकर "जागृति" को लॉन्च किया है। जागृति को एक सशक्त उपभोक्ता के रूप में पेश किया जाएगा जो उपभोक्ता अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाएगी और उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करेगी।
• "जागृति" शुभंकर का उपयोग इस विभाग के विभिन्न विषयों के बारे में उपभोक्ता जागरूकता पैदा करने के लिए किया जाएगा। जैसे कि ये विषय हैं - उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधान, हॉलमार्किंग, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1915, बाट और माप अधिनियम के प्रावधान, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के निर्णय और शिकायत निवारण पर उपभोक्ताओं की टिप्पणियां।

3. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2022' रैंकिंग की जारी
• 15 जुलाई, 2022 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारत के शीर्ष कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2022' रैंकिंग (National Institutional Ranking Framework-NIRF) जारी की है। इसमें समग्र (ओवरऑल) रूप से शीर्ष पाँच स्थान 2021 की तरह इस साल भी वही रहे है। इस रैंकिंग में IIT मद्रास शीर्ष पर है।

4. खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने 'नॉलेज पोर्टल' किया लॉन्च
• खादी के लिए उत्कृष्टता केन्द्र द्वारा खादी के लिए 'नॉलेज पोर्टल' लॉन्च किया गया है। यह खादी संस्थानों को डिजाइन निर्देश देने के लिए एक विकसित मंच है। पोर्टल का उद्घाटन खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) की सीईओ सुश्री प्रीता वर्मा ने 14 जुलाई 2022 को किया है।
• सूक्ष्म, लघु एवं मध्य उद्यम मंत्रालय के केवीआईसी द्वारा निफ्ट में खादी के लिए उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना खादी संस्थानों को सहयोग देने लिए की गई है।खादी के लिए नॉलेज पोर्टल का प्रयास खादी संस्थानों के व्यापक वर्ग तक डिजाइन नॉलेज का प्रसार करना है। पोर्टल का उद्देश्य रूझानों को सरल बनाकर, विशेषकर खादी के लिए उपयुक्त डिजाइन बनाना है।

5. टाइम आउट 2022 इंडेक्स में स्कॉटलैंड की राजधानी एडिनबर्ग दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर रहा
• टाइम आउट 2022 इंडेक्स के अनुसार, स्कॉटलैंड की राजधानी एडिनबर्ग दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर है। सूची में इसके बाद शिकागो, मेडेलिन, ग्लासगो, एम्स्टर्डम, प्राग और माराकेच का स्थान है। बर्लिन,

Daily Current Affairs 16 July 2022

मॉन्ट्रियल और कोपेनहेगन टॉप 10 सर्वश्रेष्ठ शहरों में शामिल हैं। वहीं, इस सूची में भारतीय शहरों में मुंबई 14वें स्थान पर है जबकि दिल्ली 26वें स्थान पर है।

6. केंद्रीय श्रम और रोज़गार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'ब्रिक्स श्रम और रोज़गार मंत्रियों की बैठक' में लिया भाग

• 14 जुलाई, 2022 को केंद्रीय श्रम और रोज़गार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने चीन की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स श्रम और रोज़गार मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। बैठक में निम्नलिखित तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर चर्चा की गई

1. सतत् विकास के लिये ग्रीन जॉब्स को बढ़ावा देना।
2. रेसिलिएंट रिकवरी के लिये कौशल विकास।
3. रोज़गार के नए रूपों में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना।

7. प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता पद्मश्री अवध कौशल का हुआ निधन

• हाल ही में पद्मश्री विजेता प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता अवध कौशल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। वह रूरल लिटिगेशन एंड एंटाइटेलमेंट सेंटर (देहरादून, उत्तराखंड में स्थित) नामक एनजीओ के संस्थापक थे। उन्हें मानवाधिकारों और पर्यावरण के संरक्षण के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए जाना जाता था। कौशल पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के करीबी थे। वर्ष 1987 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

8. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश में बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे

• 15 जुलाई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के कैथैरी गांव में बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। चार लेन के 296 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे के निर्माण पर लगभग 14,850 करोड रुपये की लागत आई है। बाद में इसे 6 लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। यह चित्रकूट जिले में भरतकूप के निकट गोंडा गांव के राष्ट्रीय राजमार्ग 35 से इटावा जिले के कुदरैल गांव तक जाता है जहां यह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से मिल जाता है।

9. क्रोएशिया यूरो को मुद्रा के रूप में अपनाने वाला 20वाँ देश बना

• यूरोपीय संघ (EU) ने औपचारिक रूप से क्रोएशिया के यूरोज़ोन में प्रवेश को मंजूरी दे दी, जिससे बाल्कन राष्ट्र के लिए 1 जनवरी, 2023 से यूरो को अपनी मुद्रा के रूप में अपनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके साथ यूरो को मुद्रा के रूप में अपनाने वाला क्रोएशिया 20वां देश बन गया है। पूर्व यूगोस्लाव गणराज्य के यूरोपीय संघ में शामिल होने के एक दशक से भी कम समय बाद क्रोएशिया का कुनास से यूरो में 2023 में स्विच हो जाएगा।

10. अमेरिका ने किया दो हाइपरसोनिक मिसाइलों का सफल परीक्षण

• रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका ने दो अलग-अलग हाइपरसोनिक मिसाइलों का सफल परीक्षण कर तहलका मचा दिया है। इन मिसाइलों को अमेरिकी हथियार निर्माता कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने डिजाइन और डेवलप किया है। AGM-183 ARRW नाम की इन मिसाइल के पहले दो परीक्षण नाकाम भी हो चुके हैं।

• ये टेस्ट कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस से उड़ान भरने वाले बी-52 बमवर्षक विमान के जरिए किए गए हैं। अमेरिकी वायु सेना ने कैलिफोर्निया तट पर अपने एयर-लॉन्च रैपिड रिस्पांस वेपन

Daily Current Affairs 16 July 2022

(ARRW) बूस्टर का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। वहीं, लॉकहीड मार्टिन ने कहा कि इस सफल परीक्षण एयर-लॉन्च रैपिड रिस्पांस वेपन की परिचालन, हाइपरसोनिक स्पीड तक पहुंचने और सामना करने की क्षमता को प्रदर्शित करते हैं।